उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय
मनोविज्ञान विभाग-पंचम सेमेस्टर
सेमिनार हेतु निर्देशिका (Guideline for seminar)

पाठ्यक्रम का नाम: Seminar in Psychology
पाठ्यक्रम कोड: BAPY(N)-S-303

सेमिनार हेतु महत्वपूर्ण प्रस्तावित तिथियाँ-
सेमिनार हेतु कार्य कार्यशाला आयोजन करने की प्रस्तावित तिथि: 25-30 मई 2026
सेमिनार हेतु शोध पत्र/लेख जमा करने की प्रस्तावित तिथि– 20 जून
सेमिनार आयोजन हेतु प्रस्तावित माह: जुलाई 2026

➢ **परिचय:**

तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के पंचम सेमेस्टर में मनोविज्ञान के शिक्षार्थियों द्वारा 4 क्रेडिट का अकादमिक सेमिनार (BAPY(N)-S-303,Seminar in Psychology) पाठ्यक्रम पूर्ण किया जाना है|

➢ **पाठ्यक्रम के उद्देश्य:**

- छात्रों में शोध की मूलभूत समझ और विश्लेषण क्षमता विकसित करना।
- समकालीन मनोवैज्ञानिक समस्याओं पर स्वतंत्र शोध करने की योग्यता विकसित करना।
- छात्रों को शोध निष्कर्षों को मौखिक एवं लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए सक्षम बनाना।
- टीम वर्क, आलोचनात्मक चिंतन और संचार कौशल को बढ़ावा देना।
- संप्रेषण, विश्लेषण, और नैतिक अनुसंधान क्षमता का विकास।

➢ **शिक्षार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश:**

- बी.ए. पंचम सेमेस्टर में 4 क्रेडिट का अकादमिक सेमिनार पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा|
- सेमिनार व्यावहारिक पाठ्यक्रम पर आधारित होगा |
- शिक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की अध्ययन सामग्री लिखित रूप में हार्ड कॉपी में उपलब्ध नहीं कराई जायेगी|
- शिक्षार्थियों हेतु रिपोर्ट लेखन एवं मौखिक प्रस्तुतिकरण से सम्बंधित पाँच दिन की कार्यशाला आयोजित की जायेगी| कार्यशाला में 75% उपस्थिति अनिवार्य होगी|
- सेमिनार हेतु विषय सूची शिक्षार्थी को विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी जिसमें से शिक्षार्थी को किसी एक विषय का चयन करना होगा

➢ **कार्यशाला :**

- साहित्य समीक्षा, कार्यप्रणाली, परिणाम, चर्चा और उद्धरण शैलियों सहित शोध पत्र और लेख लिखने के बुनियादी सिद्धांतों एवं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण पर केंद्रित पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा| कार्यशाला में प्रतिभाग करना अनिवार्य है|

➢ **सेमीनार रिपोर्ट**

- शिक्षार्थी सेमिनार हेतु चयनित विषय पर निर्धारित प्रारूप पर न्यूनतम 1500 अधिकतम 3000 शब्द की रिपोर्ट तैयार कर विभाग को प्रेषित करेगा| शिक्षार्थी रिपोर्ट के आधार पर मौखिक प्रस्तुतिकरण तैयार करेगा|

- रिपोर्ट हिंदी भाषा में कोकिला फॉन्ट में ए4 आकार के पेपर पर टाइप होना चाहिये। सभी मुख्य बिंदु का आकार 16 शेष का आकार 14 तथा लाइनों के मध्य का अंतर 1.5 होना चाहिए।
- अंग्रेजी भाषा में रिपोर्ट टाइम्स न्यू रोमन में ए4 आकार के पेपर पर टाइप की जायेगी| सभी मुख्य बिंदु का आकार 14 तो शेष का आकार 12 तो वही लाइनों के मध्य का अंतर 1.5 होना चाहिए। शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के संबंध में विभिन्न गतिविधियों के बारे में कार्यशाला के दौरान बताया जाएगा|
- शिक्षार्थियों को शोध नैतिकता का पालन करना अनिवार्य है|

➢ **रिपोर्ट संरचना**

- कवर पेज (Cover Page)
- आभार (Acknowledgement)
- विषय सूची (Table of Contents)
- अध्याय 1 – परिचय (Introduction)
- अध्याय 2 – साहित्य समीक्षा (Review of Literature)
- अध्याय 3 – शोध पद्धति (Research Methodology)
- अध्याय 4 – डेटा विश्लेषण (Data Analysis)
- अध्याय 5 – निष्कर्ष एवं सुझाव (Conclusion and Suggestions)
- ग्रंथ सूची / संदर्भ (Bibliography / References)
- परिशिष्ट (Annexure) – यदि कोई हो

➢ **मूल्यांकन मानदंड (कुल 100 अंक):** सेमिनार का मूल्यांकन कुल 100 अंकों में, आंतरिक एवं बाह्य विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से, निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा।

मानदंड	**अंक**
रिपोर्ट लेखन	70
प्रस्तुति एवं मौखिक परीक्षा (Viva Voce)	30
कुल	**100**

प्रस्तुति एवं मौखिक परीक्षा (आंतरिक एवं बाह्य विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से मूल्यांकित)

परिशिष्ट
सेमिनार प्रस्तुति प्रारूप

स्लाइड-1

- शीर्षक
- शिक्षार्थी का नाम
- नामांकन संख्या

- विभाग एवं संस्थान
- दिनांक

स्लाइड-2

- परिचय
- विषय का संक्षिप्त अवलोकन
- विषय की प्रासंगिकता या महत्व
- उद्देश्य

स्लाइड-3 पृष्ठभूमि / साहित्य समीक्षा

- प्रमुख परिभाषाएँ
- विषय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
- महत्वपूर्ण पूर्व अध्ययनों या कार्यों का सारांश (यदि प्रासंगिक हो)

स्लाइड-4 समस्या विवरण/कथन

स्लाइड-5 कार्यप्रणाली

- विषय पर विस्तृत चर्चा (आरेखों, फ़्लोचार्ट, ग्राफ़ और दृश्यों का उपयोग करें)

स्लाइड-6 परिणाम

- प्रयोगों, केस स्टडीज़ या आँकड़ों से प्राप्त निष्कर्ष

स्लाइड-7 चर्चा

- परिणामों की व्याख्या

स्लाइड-8 निष्कर्ष

स्लाइड-9 सुझाव

स्लाइड-10 संदर्भ (APA के अनुसार)

प्रश्नोत्तर सत्र